an>

Title: Need to include the remaining 9 districts of Rajasthan in National Horticulture Mission.

श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर): कृषि के विकास में उद्यान की फसलों का बहुत महत्व है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2005-06 से राष्ट्रीय बागवानी मिशन शुरू किया गया था जिसमें राजस्थान राज्य के 24 जिलों को शामिल कर यह योजना लागू कर दी गई है लेकिन राजस्थान के 9 जिलों को इस योजना में शामिल नहीं किया गया जिनमें, भरतपुर, धौलपुर, सीकर, चुरू, बीकानेर, प्रतापगढ़, राजसमन्द, दौसा, हनुमानगढ़ जबकि भरतपुर जिले की बैर व भुसावर तहसील के 15 प्रतिशत किसान आज भी बागवानी की फसल पैदा करते हैं, लेकिन राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना में शामिल नहीं होने के कारण किसानों को पूरा फायदा नहीं मिल पा रहा है।

अतः मेरा अनुरोध है कि शेष रहे 9 जिलों को भी इस योजना में शामिल कराया जाये।